भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 550**
जिसका उत्तर 25.07.2024 को दिया जाना है
**सड़क अवसंरचना का रखरखाव**

550. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने हरियाणा में सोनीपत संसदीय क्षेत्र में मौजूदा सड़क बुनियादी ढांचे के संधारण और अनुरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए सख्त उपाय लागू किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) हरियाणा में पिछले चार वर्षों के दौरान राजमार्गों के संधारण और अनुरक्षण के लिए मांगी गई, आवंटित और खर्च की गई धनराशि का राजमार्ग-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सोनीपत संसदीय क्षेत्र में राजमार्ग के बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से पुराने पुलों का कोई निरीक्षण किया गया है ताकि उनकी संरचनात्मक स्थिरता और सड़क सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) पिछले चार वर्षों के दौरान सोनीपत संसदीय क्षेत्र में राजमार्गों को सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप बनाने के लिए मांगी गई, जारी की गई और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष और राजमार्ग-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) राष्ट्रीय राजमार्ग का रख-रखाव एवं अनुरक्षण एक सतत प्रक्रिया है और ओ एंड एम (संचालन और रखरखाव) अनुबंध के माध्यम से या राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों के विकास / उन्नयन के लिए नियुक्त ठेकेदार / रियायतग्राही के माध्यम से किया जाता है। सोनीपत विधानसभा सहित हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा ओ एंड एम अनुबंधों के अंतर्गत किए गए रखरखाव का ब्यौरा अनुबंध के रूप में संलग्न है।

(ग) और (घ) प्राधिकारी इंजीनियर/स्वतंत्र इंजीनियर और प्राधिकरण के अधिकारी द्वारा राजमार्ग का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है और आवश्यक कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा,सड़क सुरक्षा कार्य, राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए जा रहे कार्यों का अभिन्न हिस्सा है। अतः किए गए व्यय पर विधान सभा वार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

**अनुबंध**

**'सड़क अवसंरचना का रखरखाव' के संबंध में श्री सतपाल ब्रह्मचारी द्वारा पूछे गए दिनांक 25.07.2024 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 550 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

पुलों की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए रखरखाव कार्यों सहित राष्ट्रीय राजमार्ग पर किए गए रखरखाव कार्यों का विवरण (2020-21 से 2023-24 तक ):

| क्र. सं. | रखरखाव कार्य का नाम | एनएच सं. | स्वीकृति लागत (करोड़ रु. में) | व्यय (करोड़ रुपए में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनएच-709 (पुराना एनएच-71ए) के रोहतक पानीपत खंड का किमी 0.000 से 80.858 किमी तक घटना प्रबंधन सहित संचालन और रखरखाव। | 709 | 6.0 | 5.77 | जारी कार्य |
| 2 | एनएच-10 के दिल्ली/हरियाणा सीमा से रोहतक खंड को 29.650 किमी से 93.140 किमी तक 4/6 लेन बनाने पर दुर्घटना प्रबंधन और ओ एंड एम, जिसमें बहादुरगढ़ और रोहतक बाईपास भी शामिल हैं | 09 | 5.86 | 4.9 | जारी कार्य |
| 3 | रोहतक बावल खंड एनएच-352 (पुराना एनएच-71) से किमी. 363.300 (एनएच- 09 के साथ इंटर सेक्शन) से किमी. 446.955 (एनएच-48 के साथ इंटर सेक्शन) का ओवरले, रूटीन रखरखाव और चार लेन पर दुर्घटना प्रबंधन कार्य | 352 | 6.94 | 3.45 | जारी कार्य |
| 4 | कालाअंब एनएच 72 के विभिन्न खंडों पर मरम्मत और रखरखाव कार्य | 72 | 4.24 | 4.24 | पूर्ण हो चुका है और डी.एल.पी. के अंतर्गत है |
| 5 | एनएच 907ए का जगाधरी पोंटा साहिब खंड की मरम्मत एवं रखरखाव | 907 ए | 2.8 | 2.8 | पूर्ण हो चुका है और डी.एल.पी. के अंतर्गत है |
| 6 | यमुनानगर - पंचकूला पैकेज ( II ) का एनएच- 73 | 73 | 13 | 13 | पूर्ण हो चुका है और डी.एल.पी. के अंतर्गत है |
| 7 | एनएच-334बी के झज्जर-लोहारू खंड के किमी 173.050 से 177.770 (डिजाइन चैनेज 42.280 से 47.000) और किमी 212.130 से 213.130 (डिजाइन चैनेज 81.360 से 82.360) तक सेक्शन का सुधार | 334बी | 11.47 | 7.87 | पूर्ण हो चुका है और डी.एल.पी. के अंतर्गत है |
| 8 | हरियाणा राज्य में एनएच-334बी के किमी किमी 130.770 से किमी 228.630 (डिजाइन चैनेज 0.000 से किमी. 97.864 किमी. तक) के झज्जर लोहारू खंड का सुधार (किमी. 135.070 से किमी. 173.050 (किमी 7.300 से किमी 42.280 डिज़ाइन चैनेज) | 334बी | 19.56 | 18.68 | पूर्ण हो चुका है और डी.एल.पी. के अंतर्गत है |
| 9 | हरियाणा राज्य में एनएच-148बी पर किमी. 163.468 से किमी. 197.270 तक भिवानी -हांसी खंड का खंड और हांसी- बरवाला खंड मरम्मत एवं रखरखाव | 148बी | 6.13 | 5.2 | पूर्ण हो चुका है और डी.एल.पी. के अंतर्गत है |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | हरियाणा राज्य में एनएच-148बी के भिवानी हांसी बरवाला खंड किमी 129.77 से किमी 163.00 तक का मरम्मत एवं रखरखाव | एनएच-148बी | 7.46 | 6.2 | पुरा होना और डीएलपी खत्म मई-24 |
| 11 | हरियाणा राज्य में एनएच-148बी का भिवानी-हांसी-बरवाला खंड का किमी 126.270 से किमी 197.200 तक 4 लेन का बनाना मरम्मत और रखरखाव | एनएच-148बी | 10.35 | 0 | जारी कार्य |
| 12 | हरियाणा और पंजाब राज्य में एनएच 44 के किमी 96.000 से किमी 387.100 के पानीपत जालंधर खंड का छह लेन का नियमित रखरखाव और दुर्घटना प्रबंधन सहित संचालन और अनुरक्षण | एनएच 44 | 61.03 | 51.88 | जारी काम |
| 13 | हरियाणा राज्य में एनएच-10 (नया एनएच-09) के कि.मी. 170.000 से कि.मी. 314.660 तक पेव्ड शोल्डर के साथ हिसार डबवाली खंड का चार लेन का संचालन और रखरखाव | एनएच 09 | 5.55 | 5.55 | पूर्ण हो चुका है और डी.एल.पी. के अंतर्गत है |
| 14 | हरियाणा राज्य में किमी 87.000 (एनएच-10) से किमी 348.000 (एनएच-71) तक लिंक संपर्क सहित एनएच-9 (पुराना एनएच 10) के किमी 87.000 से किमी 170.000 तक के रोहतक-हिसार खंड के 4 लेन का संचालन एवं रखरखाव (कुल लंबाई 98.810 किमी)। | एनएच 09 | 6.22 | 6.22 | पूर्ण हो चुका है और डी.एल.पी. के अंतर्गत है |
| 15 | हरियाणा राज्य में पलवल जिले में पलवल जेवर अलीगढ़ सड़क तक का किमी आरडी 0 से किमी 15.66 तक (एनएच-334डी) का अल्पकालिक रखरखाव और मरम्मत | 334डी | 1.4 | 0 | जारी काम |
| 16 | हरियाणा राज्य में किमी 46+950 किमी 96+000 तक एनएच-248ए का अल्पकालिक रखरखाव और मरम्मत। | 248ए | 5.04 | 0 | जारी कार्य |
| 17 | हरियाणा राज्य में किमी 17+700 से किमी 47+100 तक एनएच-71बी (नया एनएच 919) का अल्पकालिक रखरखाव और मरम्मत। | 919 | 4.28 | 0 | जारी कार्य |
| 18 | हरियाणा राज्य में एनएच-148बी के किमी 94.600 से किमी 125.920 एनएच-709 विस्तार दादरी-भिवानी खंड पर खड़क तक एनएच-148बी पर राजस्थान सीमा - नारनौल - मोहिंदर गढ़ , दादरी-भिवानी) पर राय मलिकपुर का पीबीएमसी | 148बी | 64.79 | 0 | जारी कार्य |
| | **कुल (करोड़ रुपए में)** | | **242.12** | **135.76** | |

*****